एक दार्शनिक (राष्ट्रपति) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

डॉ. रणवीर सिंह ठाकुर
अतिथि व्याख्याता, राजनीति एवं लोकप्रशासन विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर म.प्र.

हिन्दुस्तान में महान साधु सन्तों, ऋषि–मुनियों, शिक्षाविदों, चिन्तकों और बुद्धिजीवियों की प्राचीन काल से ही समृद्ध विरासत रही है। पूरी दुनिया भारतीय ज्ञान विचार और दर्शन से लाभान्वित रही है। महान दार्शनिक, भारत रत्न प्राप्त मानवता के प्रतीक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृशणन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को एक मध्यम वर्गीय परिवार में धार्मिक नगरी तिरूतनी में हुआ था। कहा जाता है कि उनके पिता नहीं चाहते थे कि वे अंग्रेजी पढ़ें, इन्हें वे पुजारी बनाना चाहते थे। बहरहाल इस बच्चे की ऐसी अद्वितीय प्रतिभा थी कि उसे तिरूपति के स्कूल में भेज दिया गया और जहां उन्होंने उसके बाद में वेल्लोर उसके उपरान्त उन्होंने मद्रास के क्रिश्चियन कॉलेज में दाखिला लिया और दर्शन शास्त्र का अध्ययन किया।[1] दर्शन भास्त्र में उनकी रूचि नहीं थी, लेकिन एक घटना ने उन्हें दार्शनिक बना दिया। दर्शन भास्त्र के अध्ययन से उनमें आत्मविश्वास, एकाग्रता और मजबूत प्रतिबद्धता कायम हुई और वे एक महान् दार्शनिक बन गए।

महान शिक्षक – वर्ष 1962 में जब डा. राधाकष्णन राष्ट्रपति बने तो उनका जन्मदिन 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। यह डा. राधाकृष्णन के शिक्षकों के हित के लिए काम करने के नाते उनका सम्मान था। वे भले ही राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति या राजदूत रहे हों, मगर उनके भीतर का शिक्षक हमेशा जीवित रहा। शिक्षण कार्य उनका पहला प्यार था और उनके छात्र रहे, वे अब भी उन्हें सम्मान के साथ याद करते हैं। वह आज भी एक अच्छे शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं।[2]

पं. जवाहर लाल नेहरू ने, जो हमेशा से उनके करीबी मित्र रहे, उनके बारे में कहा था 'उन्होंने कई अहम पदों पर रहते हुए देश की सेवा की, लेकिन इन सबके बावजूद वे एक महान् शिक्षक थे, जिनसे हम सभी ने बहुत कुछ सीखा और सीखते रहेंगे। यह भारत का सौभाग्य है कि एक महान् दार्शनिक, शिक्षाविद और एक मानवतावादी व्यक्ति भारत के राष्ट्रपति बने। यह इस बात का परिचायक है कि हम किस तरह के व्यक्ति की पहचान, आदर और सम्मान करते हैं।' देश के सबसे बड़े नागरिक पुरूस्कार 'भारत रत्न' 1954 में प्रदान किया गया यह सम्मान उनको उनकी सेवा भारवना देश, प्रेम, नेतृत्व और एक दार्शनिक के रूप में प्रदान किया गया। 5 सितम्बर को पूरे भारत में उनको याद करते हुये प्रत्येक वर्श शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।[3]

उनका दर्शन – राधाकृष्णन की विलक्षणता इस बात में थी कि उन्हे भारतीय तथा पाश्चात्य – दोनो विचारो की पूरी जानकारी थी। जोड़ ने कहा कि राधाकृष्णन को एक प्रकार से पूर्व तथा पश्चिम की बातो का'' सम्पर्क अधिकारी – Liaison Officer कहा जा सकता हैं उन्होने पूर्व के पारम्परिक ज्ञान तथा पश्चिम के नवीन ज्ञान के मध्य एक सेतु बनाया हैं। उनकी मूल दार्शनिक दृष्टि में एक प्रकार से अद्वैत वेदान्त में तथा पाश्चात्य निरपेक्ष आध्यात्मवाद Absolutel dcalism का सम्बन्ध है। वे अद्वैत वेदान्त में प्रतिवादित सत के मूल अद्वैत ऐक्ट को केन्द्र बताते है। किन्तु इसमें निरपेक्ष आध्यात्मवाद के कुछ पक्षो को जोड़ देते है उन्हें आध्यात्मवादी कहॉ जा सकता हैं।[4]

परमसत् का स्वरूप – अद्वैत वेदान्त के समान राधाकृष्णन स्वीकारते है कि परम्सत का पूर्ण निश्चित विवरण देना तो सम्भव ही नही इसके लिये हमारी भाषा असमर्थ है, किन्तु कुछ निकट के विवरणो द्वारा हम कुछ प्रारंभिक भाव बना सकते है अब हम वैसा ही कुछ प्रयास कर रहे है। इतना तो स्पष्ट ही हो गया है कि राधाकृष्णन के परमसत विचार के विवेचना का अर्थ है, उनके निरपेक्ष सत Absoulte या ब्राह्य के विचार का स्पष्टीकरण।

निरपेक्ष सत या ब्राह्य – राधाकृष्णन इस परमसत् को सूचित करने के लिये दोनो 'नामो' का उपयोग करते है, पाश्चात्य परम्परा के अनुरूप इसे निरपेक्ष सत् Absoulte कहते है तथा भारतीय परम्परा के अनुरूप इसे ब्रह्य कहते है। किन्तु 'नामों' का उपयोग आकस्मिक नहीं है। उनके इस ब्रह्य विचार मे कुछ अंश तो अद्वैत वेदान्त के है तथा कुछ अंश हेगेल तथा हेगेल परम्परा से भी लिये हुये है

अद्वैत वेदान्त के समान के भी ब्रह्य को पूर्ण अमूर्त भाव नही है और न अमूर्तिकरण की प्रक्रिया से प्राप्त भाव है बल्कि सब कुछ का वास्तविक आधार है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने दर्शन में निरपेक्ष सत् और ईश्वर जगत्, आत्म का स्वरूप, मानव आत्म का असीम पक्ष, पर्नुजन्म–सिद्वान्त, मानव का चरम भाग्य, मोक्षानुभूति के मार्ग–धर्म, धार्मिक अनुभूति, धर्म का सार, धर्म का मार्ग, रहस्यवाद पर विस्तार, ज्ञानोपार्जन, इन्द्रिय अनुभव, बौद्विक अवगति, अर्न्तद्रष्टि, बुद्वि आदि पर एक दार्शनिक विचारक के रूप में अपने विचार व्यक्त किये राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को महान शिक्षक दार्शनिक इसलिये कहा जाता है।[5] क्योकिं उन्होने जीवन के प्रत्येक पहलू के साथ धर्म, ईश्वर, भाव आदि पर अपनी वैचारिक दृष्टि डाली। उनकी पहली पुस्तक 'द इथिक्स ऑफ वेदांत एंड इट्स मैटेरियल प्रीसपोजिशन' ने जो मद्रास विश्वविद्यालय के एम.ए. डिग्री की परीक्षा के लिए उनकी थीसिस थी, 1908 में प्रकाशित होने के साथ ही उनको निस्संदिग्ध रूप से लोकप्रिय महान् दार्ईनिक के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया। उनकी बाद की सारी कृतियां अपने–अपने क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुईं। उन्होंने जितने भी शोध किए सभी ने मजबूत स्तंभ के रूप में उन्हें स्थापित कर दिया। गूढ़ दार्शनिक के तौर पर अपने को सिद्ध करना बहुत कठिन कार्य है, लेकिन डा. राधाकष्णन ऐसे चंद लोगों में से एक थे, जिन्होंने आसानी से ऐसा कर दिखाया।

दर्शनशास्त्र उनके लिए जीवन को समझने का एक उपाय था और भारतीय दर्शन का उनका अध्ययन सांस्कृतिक उपचार साबित हुआ। पाश्चात्य शब्दावली में भारतीयता की व्याख्या करने और दिखाने के लिए उनके पास पर्याप्त तर्क थे जिससे भारतीयों को ब्रिटिश शासन के कारण उनमें कायम हीन भावना से उबारने में वह सफल रहे। उन्होंने लोगों को यह भी स्पष्ट कर दिया कि उनकी समृद्ध एवं लंबी परंपरा कुंठित हो चुकी है और इसके मूल्यांकन की जरूरत है।[6] उन्होंने भारतीयों को बताया कि वह उस मार्ग को त्याग दें जो भ्रष्ट, अनैतिक एवं घिनौना है।

विचारोत्तेजक शिक्षक – डा. राधाकृष्णन अपनी भारी विद्वता के वाबजूद एक दयालु व्यक्ति भी थे। मद्रास के प्रेसीडेंस कॉलेज में शुरूआती दिनों से ही अपने छात्रों के बीच वे एक लोकप्रिय शिक्षक रहे थे। जब वे 30 वर्ष से भी कम आयु के थे, उन्हें कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बनने का प्रस्ताव मिला था। उन्होंने वर्ष 1931 से 1936 तक आंध्र विश्वविद्यालय में कुलपति पद की जिम्मेदारी संभाली। 1939 में वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्त किए गए। इसके दो वर्ष बाद उन्होंने बनारस में ही उन्होंने सर सायाजी राव चेयर ऑफ इंडियन कल्चर एवं सिविलाइजेशन की जिम्मेदारी संभाली।

वर्ष 1936 में उनकी विद्वता को एक अन्तराष्ट्रीय ख्याति मिली। जब उन्हें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में पूर्वी धर्मों और नीतिशास्त्र का स्पाल्डिंग प्रोफेसर बनने के लिए प्रस्ताव मिला, आक्सफोर्ड में उन्होंने 16 वर्षों तक काम किया। अपने विशय में विशेषज्ञता, चिंतन में स्पष्टता और प्रकटीकरण ने उन्हें बेहतर शिक्षक व दार्शनिक बना दिया।[7] लेकिन उन्हें ज्यादा लोकप्रिय उनकी गर्मजोशी, प्रखर बुद्धि ने लोगों को अपनी ओर खींचने की योग्यता ने बनाया। उनके व्यक्तित्व की इस खूबी के कारण जीवन भर उनके प्रशंसक उनसे जुड़ते रहे। उनका व्यक्तित्व बड़ा प्रभावशाली था, उनके विचार, शिक्षा, उदारपन ने उनके प्रसंशकों की संख्या में निरंतर बढ़ोत्तरी की। और देश–विदेश में अपनी पहचान बनाने में सफल साबित हुये।

ब्रिटिश शासन के अंतिम दशक में वे गांधीजी के काम और चिंतन, सत्य अहिंसा के सबसे प्रासंगिक विश्लेषक माने गए और स्वतंत्र भारत में उन्होंने नेहरूजी की विदेशी नीति के लिए सैद्धांतिक आधार तैयार किया और वैचारिक कवच प्रदान किया।

सामाजिक वादा – डा. राधाकष्णन एक अकादमिक ज्ञान से इतर अपने दार्शनिक–धार्मिक अध्ययन को समकालीन पष्ठभूमि में सामाजिक–राजनैतिक विकास के नजरिए से आगे ले गए। वे मानते थे कि भारत में दार्शनिक का काम अतीत के संपर्क में बने रहना है, जबकि दूसरी ओर भविष्य की संभावनाओं को खुरेचना भी है।[8] समाज के लिए उनका वादा अपने विद्वत्तापूर्ण आलेखों उनकी अपनी व्याख्या से भरा हुआ आधुनिक लेखन और उपनिवेशिक दबाव से उपजी बौद्धिक क्षमता के चलते डा. राधाकृष्णन की अलग जन छवि उभरकर सामने आई। वे सामान्य तौर पर राजनीति और अकादमी के क्षेत्र के अन्य लोगों से भिन्न थे।

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति – उनके उच्च सिद्धांत और उनकी असीम गरिमा उन सभी पदों पर कायम रही, जहां भी वे कार्यरत रहे। भारत में अगर डा. राधाकृष्णन उच्च सम्मान प्राप्त व्यक्तित्व के तौर पर जाने गए तो विदेशों में वे अपने समय के सबसे अधिक लोकप्रिय लोगों में से एक व्यक्ति के तौर पर पहचाने गए। दार्शनिक के तौर पर

उन्होंने बहुत कम समय में अपनी पहचान बना ली थी। एक दार्शनिक के रूप में बहुत जल्द उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित की। वर्ष 1952 में विश्वस्तरीय ख्याति प्राप्त संस्थान द लाइब्रेरी ऑफ लिविंग फिलास्फर ने 'द फिलासफी ऑफ सर्वपल्ली राधाकृष्णन' प्रकाशित की जो उनकी दार्शनिक धरोहर पर समालोचनात्मक कृति थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इस महान दार्शनिक की विश्व प्रसिद्व पहचान भारत की पहचान बनी यह व्यापक विचार था जो उन्होंने दुनिया को दिया यह दार्शनिक शक्तिशाली सोबियत संघ के एक आदर्श राजदूत बने जो पूरी दुनिया पर अपनी साम्यवादी पहचान बनाने की ओर अग्रसर था।[9] प्रथम और अति स्पष्ट कदम यह है कि हम अपने घर को सुव्यवस्थित करें। इस मकसद की पूर्ति के लिए सारे दलों को कांग्रेस के नेतृत्व में संगठित करें और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साझा पथ पर आगे बढ़े। यह कठिन यात्रा का प्रथम हिस्सा होगा। इसके लिए मैं निम्नलिखित कार्यक्रमों के आयोजन का सुझाव देता हूं।

इसे एक सामाजिक कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा। मैं इनमें से किसी कार्यक्रम के मौलिक होने का दावा नहीं करता और एक लंबी सूची में से इन्हें छांटकर अलग किया है इनमें से पहला बिन्दु कांग्रेस एवं देश के समक्ष वर्शों से मौजूद है। कृपया मुझे इस बात के लिए माफ करें कि अभी तक मैंने कोई ठोस रचनात्मक काम नहीं किया है। सार्वजनिक स्थान, जहां ये कार्यक्रम आयोजित होंगे, वही एक मात्र पूर्ण आजादी का वास्तविक आधार होगा, जिसकी याचकों तथा अधिराज्य का स्तर कायम रखने के समर्थकों को उम्मीदें हैं, कायम हो सकता है।[10] पहली स्थिति के बारे में मैं कहूंगा कि उनकी क्षमता का पैमाना लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारी बलिदान करना होगा तभी सफलता मिलेगी। जहां तक दूसरी स्थिति की बात है, उन्हें अधिराज्य का दर्ज मिलना इस कार्यक्रम के पूर्ण होने पर ही निर्भर करेगा।

देश का नेतृत्व – 1952 में डा. राधाकष्णन भारतीय गणतंत्र के उप–राष्ट्रपति चुने गए और 1962 में पांच वर्ष के लिए राष्ट्रपति चुने गए। यह भारतीय लोकतंत्र का वैभव काल था। वह राजनीति से दूर रहते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विद्वान थे। यह भारत जैसे नवजात देश के लिए लाभकारी था कि घरेलू और विदेशी नीति के मामले में इस तरह की अंर्तराष्ट्रीय ख्याति वाला व्यक्ति राष्ट्रपति बना जिससे विदेशों में इस दृष्टिकोण का प्रचार–प्रसार हुआ जो अविश्वास और अनिश्चितता के वैश्विक महौल में बहुत जरूरी था।[11] जब भारत के राष्ट्रपति हेतु उनके नाम का चयन हुआ तो बर्टेड रसेल ने कहा था, 'यह दर्शनशास्त्र के लिए बहुत ही सम्मान की बात है कि डा. राधाकृष्णन भारत का राष्ट्रपति बनने वाले हैं और एक दार्शनिक होने के नाते मुझे बहुत खुशी हो रही है। प्लेटो भी चाहते थे कि एक दार्शनिक राजा बने और यह भारत को श्रेय है कि एक दार्शनिक उसका राष्ट्रपति बनेगा।'

इतिहास डा. राधाकृष्णन को बतौर राष्ट्रपति के कार्यकाल को बहुत ही असमंजस और आश्चर्य के साथ देखेगा। उनके कार्यभार संभालने के कुछ महीने के भीतर ही चीन ने भारत पर आक्रमण कर दिया था। उस समय देश का मनोबल काफी टूट गया था, उस समय देश का मनोबल काफी टूट गया था, मगर डा. राधाकृष्णन की दृढ़ और अटल आवाज ने डागमगाते हुए देश को उबार लिया था।[12]

'विकट भूभागों और संख्या बल में चीनियों के भारी पड़ने से हमारी सेना को पीछे हटना पड़ा। इसने वास्तविकता के प्रति हमारी आंखें खोल दी। अब हम अपनी कमजोरी जान चुकें थे। और अपनी वर्तमान की जरूरतों से रूबरू हैं, साथ ही भविष्य की जरूरत को जान रहे हैं। अब देश नई इच्छा ाक्ति और नए उद्देश्य के साथ विकास कर चुका है।'

वर्ष 1965 में पाकिस्तान ने हमारी पश्चिमी सीमा का अतिक्रमण किया था। 25 सितम्बर, 1965 को डा. राधाकृष्णन ने देश के नाम अपने संदेश में कहा था, 'पाकिस्तान ने अनुमान लगाया था कि भारत बहुत कमजोर है या बहुत डर रहा है या लड़ाई को लेकर बहुत घमंड में है। भारत यद्यपि स्वाभाविक तौर पर हथियार उठाने से हिचकता रहा है, परन्तु जब भारत पर हमले हुए तो इसने अपनी रक्षा की आवश्यकता महसूस की।[13] पाकिस्तान ने भी यह सोचा था कि देश में साम्प्रदायिक दंगे होंगे जिससे अव्यवस्था फैलेगी जिसके परिणाम स्वरूप वह अपना मकसद पूरा कर लेगा। लेकिन उसका गलत मूल्यांकन उसके लिए तेज झटका देने वाला साबित हुआ।' और 1956 में उसे उल्टे पैर इस्लामाबाद तक भागना पड़ा। हमने बड़ी जीत दर्ज की और 1962 में जो भारत चीन युद्ध में हमारी पराजय हुई थी उसका बदला हमने 1965 में भारत पाक युद्ध में पूरा किया। प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया।[14]

डा. राधाकृष्णन को भारतीय लोकतंत्र पर अगाध भरोसा था। 12 मई, 1967 को अपने विदाई समारोह के

संबोधन में उन्होंने कहा कि कुछ अपवादों को छोड़कर अब तक हमारे संविधान ने सफलतापूर्वक काम किया है। लेकिन उन्होंने आगाह किया कि लोकतंत्र सरकार के तंत्र से ज्यादा और भी बहुत कुछ है।[15] 'यह एक जीवन शैली है और मानवीय आचार की एक व्यवस्था है। हमें शांतिपूर्ण बदलाव का निर्माता बनना है और हमें सुधारवादी बदलाव की वकालत करनी है।'

संदर्भ–सूची –

1. कांग्रेस संदेश सितम्बर 2014 पेज नं.–27 24 अकबर रोड नई दिल्ली
2. Sarvepalli Gopal: Radhakrishnan; a Biography (1989) p. 11
3. कांग्रेस संदेश सितम्बर 2016 पेज नं. 10 अकबर रोड, नई दिल्ली
4. Sarvepalli Gopal: Radhakrishnan; a Biography (1989) p.15
5. The Philosophy of Sarvepalli Radhakrishnan (1952) p.6
6. राष्ट्रपति चुनाव पर एक नजर डॉ. रणवीर सिंह ठाकुर Law Society and New Challenge Nov. 2014 P- 15
7. Sarvepalli Gopal: Radhakrishnan; a Biography (1989) p.17
8. कांग्रेस संदेश सितम्बर 2014 पेज नं. 38 अकबर रोड, नई दिल्ली
9. समकालीन भारतीय दर्शन – बसन्त कुमार– मोतीलाल बनारसीदास चौक वाराणसी 221–001–1999. च. 351 Sarvepalli Gopal: Radhakrishnan; a Biography (1989) p.12
10. कांग्रेस संदेश सितम्बर 2015 पेज नं. 17 अकबर रोड, नई दिल्ली
11. दैनिक भास्कर सितम्बर 2014, पेज नं. 10 अभिव्यक्ति
12. समकालीन भारतीय दर्शन – बसन्त कुमार– मोतीलाल बनारसीदास चौक
13. वाराणसी 221–001–1999. च. 335
14. Sarvepalli Gopal: Radhakrishnan; a Biography (1989) p.14

गाँधीजी का ग्राम स्वराज्य और सुशासन की भूमिका

गब्बर अहिरवार
शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोकप्रशासन विभाग, डॉ. हरिसिंह गौर वि. वि. सागर (म.प्र.)

ग्राम स्वराज्य की अवधारणा – महात्मा गाँधीजी ने स्वतंत्रता के पूर्व ही अपने लेख हिन्द–स्वराज्य में गांवो के महत्व को बताया है। हमारा भारत गांवो का देश है जिसमें लगभग 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रो में निवास करती है, भारत की आत्मा गांवों में बस्ती है। गाँधीजी ने स्वाधीनता आंदोलन के समय 'स्वराज्य' शब्द के साथ–साथ 'रामराज्य' शब्द का भी प्रयोग किया है। स्वराज्य का अर्थ आत्म–शासन और आत्म–संयम है। स्वतंत्रता के साथ यदि सर्वोच्च कोटि का अनुशासन हो तो, वही अच्छा स्वराज्य है, जिसमें अत्याचार का विरोध हो, और जिसमें सभी लोग सामूहिक रुप से एक जुट होकर सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ बोलने का साहस रखते हो वही सच्चा स्वराज्य है। समाज में ऐसे कार्य हो जिससे सबसे निचले स्तर पर जो लोग है उनका हित हो, सब समान हो, कोई अछूत न हो, न कोई दलित, न सवर्ण का हो, सबके अधिकार एवं कर्तव्य समान हैं। समाज में व्यक्ति निस्वार्थ भाव से स्वयंहित में कार्य न करके पराहित में कार्य करे, मंत्री सत्ता के उपासक न होकर जनता के सेवक के रुप में काम करे। ग्राम स्वराज्य का अर्थ सत्ता के विकेन्द्रीकरण से है जिसमें गांव अपनी आवश्यकतानुसार गांव के विकास के लिए स्वतंत्र होकर कार्य कर सके। गांव के कार्य में अन्य किसी ऊपरी सत्ता का हस्तक्षेप न होना ग्राम स्वराज्य है। गोर्की के शब्दों में वे कहते है कि ''आकाश की और देखने वाले यह न भूल जाएँ कि पृथ्वी भी एक सुन्दर नक्षत्र है''।[1]

ग्राम स्वराज्य के माध्यम से राजनैतिक सत्ता का परिवर्तन नही करना था बल्कि विदेशी सत्ता के स्थान पर देश में ऐसी शासन व्यवस्था की स्थापना करना था, जिसमे गांव स्वतंत्र रुप से अपनी शासन व्यवस्था का संचालन कर सके, जिसमें छोटे–बड़े एवं अमीर–गरीब की खाई को समाप्त किया जा सके। प्रत्येक व्यक्ति के लिए मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना था, जो उनको अच्छा जीवन स्तर उपलब्ध कराऐ। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में अनेक राजनैतिक एवं आर्थिक परिवर्तन हुए है लेकिन समाज में यह तय हो गया कि देश का कल्याण व समाज का विकास तभी संभव है जब गाँधीजी द्वारा बताऐ गए दर्शन को अपनाया जाए।[2]

भारत ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद लोकतांत्रिक प्रणाली को अपनाया जिसकी प्रमुख मान्यता है, कि प्रभुत्व शक्ति समस्त जनता में निहित होगी यदि प्रभुत्व शक्ति कुछ लोगो के हाथ में हो तो वह सत्ता का केन्द्रीयकरण होगा इसलिए सत्ता को स्थानीय स्तर तक पहुंचाने के लिए सत्ता का विकेन्द्रीकरण होना चाहिए। गाँधीजी ने गांवो के विकास पर बल दिया था और गांवो को स्वायतताः देना था। स्थानीय स्वशासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो तक विकास की योजनाएं पहुचाने के लिए इस पर जोर दिया गया। स्थानीय स्वशासन जिसका प्रबंध उस स्थान विशेष से होता है जहाँ शासन वहाँ के लोगो द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियो के द्वारा शासन व्यवस्था का संचालन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य गांवो का उनकी आवश्यकताओं के अनुकूल जो गांव में समस्या है उसी के अनुरुप पंचायत द्वारा योजना बनाना एवं उसका सामना करना है स्थानीय स्वशासन में ग्राम सभा को कार्य करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने आर्थिक नियोजन की नीति अपनाई एवं ग्रामीण विकास के लिए विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन किया और इनके क्रियान्वयन का दायित्व स्थानीय स्तर तक पहुंचाने के लिए पंचायतो को सौंपा गया। पंचायती राज प्रणाली की शुरुआत 2 अक्टूबर 1959 में राजस्थान के नागौर जिले से इसका आरम्भ किया गया इसका उद्देश्य गांवो के विकास के लिए योजनाओं का लाभ गांव के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुचाना था। महात्मा गाँधीजी का मानना भी था कि विकास की शुरुआत जमीनी स्तर से होनी चाहिए ताकि विकास की नींव मजबूत हो, यह तभी होगा जब हमारे ग्रामीण क्षेत्रो के गाँवो का समग्र विकास होगा तभी देश आगे विकास की दिशा में प्रगति करेगा।[3] तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने महात्मा गाँधी के ग्राम स्वराज्य के स्वप्न को साकार करने वाली व्यवस्था बताया था। गाँधीजी की वह कल्पना बीसवी सदी के उत्तरार्द्ध की थी जिसमें प्रशासनिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक परिस्थितियाँ तत्कालीन स्वतंत्रता के परिप्रेक्ष्य में की थी लेकिन आज उस स्थिति में बदलाव आया है, लेकिन मानसिकता आज भी गुलामी सहन कर रही है। ग्राम सभाओं के अस्तित्व में होते हुए भी इनकी बैठके नही हो

रही है। गाँव के लोग ज्यादा रुचि नही दिखा रहे है। जागरुकता का अभाव ग्राम सभा के पास वित्तीय संसाधनों का अभाव था, इस प्रकार गाँधीजी का ग्राम स्वराज पाने का स्वप्न पूरा नही हो पा रहा था। भारत सरकार ने गाँधीजी ग्राम स्वराज के स्वप्न को पूरा करने के लिए सन् 1992 में 73वें संविधान संशोधन के तहत पंचायती राज को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने के लिए पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया। पंचायतो का निश्चित कार्यकाल, महिलाओं व पिछड़े वर्ग की भागीदारी में वृद्धि करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई। किन्तु ग्राम पंचायतो की कमजोर वित्तीय स्थिति तथा राजनैतिक हस्तक्षेप पंचायती राज में बाधा बन रहा है।[4]

देश में गरीबी व अज्ञानता को कम करने के लिए एक सक्षम लोकतांत्रिक सरकार स्थापित करने की आवश्यकता है। समाज में स्त्री–पुरुष के लिए समानता एवं न्यायपूर्ण व्यवहार समान रुप किया जाये, शासन ऐसा हो जो राज्य के ग्रामीण क्षेत्रो के हितो की रक्षा करे एवं अधिक महत्व दे। अपने नागरिको को स्वतंत्रता, न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति ग्रामीण जनता को उपलब्ध कराये जिससे ग्रामीण लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो, सक्षम शासन व्यवस्था जनहित में नागरिक समाज व बाजार की तरह प्रभावी रुप से कार्य करे। ग्रामीण विकास के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन ग्रामीण जनता को लाभ पहुंचाने के लिए वास्तविक रुप से धरातलीय स्तर पर योजनाओं का कार्यान्वयन हो ताकि आवश्यक वर्ग को इसका लाभ मिल सके। भारत का हृदय स्वरुप 'प्रजातंत्र' कहा जाता है। वास्तविक प्रजातंत्र की आत्मा गांव में बस्ती है, इसलिए ग्रामीण स्तर पर विकास होना चाहिए तभी वास्तविक लोकतंत्र स्थापित होगा। धर्म, राजनीति, साम्प्रदायिकता, जातिवाद आदि के कारण लोकसेवको की जबावदेही के स्तर में गिरावट आयी है, सुशासन के द्वारा राज्य की जनता सरकार से अच्छी गुणवत्तापूर्ण शासन की अपेक्षा रखते है जिससे की लोगो की राजनीतिक प्रक्रिया में सहभागिता हो देश में स्वतंत्र न्यायपालिका के साथ सशक्त नागरिक समाज हो। सुशासन के द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग जो पिछड़ा हुआ है उनकी सामाजिक सुरक्षा, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना तथा संवैधानिक प्रावधानो के अनुसार योजनाओं के क्रियान्वयन में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के साथ महिलाओ को आरक्षण हो, रोजगार की समस्या के समाधान के लिए शिक्षित युवाओं को व्यावसायिक शिक्षा देना, ग्रामीण स्तर पर लोगो के लिए स्वरोजगार का प्रशिक्षण देना ताकि वह अपनी जीविका चला सके। ग्रामीण कुटीर उद्योगो के प्रशिक्षण से स्थानीय स्तर पर बेरोजगारो को रोजगार मिलेगा एवं प्रशिक्षण के द्वारा उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

ग्राम सभा ही किसी क्षेत्र का वह आधार है, जो अपने क्षेत्र की तस्वीर बदल सकती है। ग्राम सभाऐ सक्रिय होकर ईमानदारी व निष्पक्ष होकर कार्य करे तथा ग्रामवासी ग्राम सभा का महत्व समझे, बैठको मे भाग ले, तथा अपने अधिकार व कर्तव्यो को जाने तथा प्रशासनिक पारदर्शिता लाने के लिए सामाजिक अंकेक्षण एवं सूचना के अधिकार का इस्तेमाल करे। सरकार द्वारा चाहे जो भी योजनाएं चलाई जाऐ उनके क्रियान्वयन में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ग्रामीण क्षेत्रो में मनरेगा योजना ही नही बल्कि यह एक कानून है इसके तहत ग्रामीण लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतो की है। पंचायती राज व्यवस्था में सत्ता व अधिकार ग्राम सभा के पास है, लेकिन वे अधिकार नौकरशाही के हाथो मे ही सीमित होकर रह गए। स्थानीय स्वशासन एवं विकेन्द्रीकरण होने बावजूद भी गाँव की स्थिति में पर्याप्त सुधार नही हो पा रहा है। ग्राम सभा के कार्य क्या है इन सभी की जानकारी ग्रामीण लोगो को नही है, उनके क्या अधिकार है वह जानते ही नही अतः अपने अधिकारो के प्रति जागरुकता का अभाव, ग्रामीण लोगो में प्रशिक्षण की कमी नजर आती है, ग्राम सभा से पंचायती राज के तहत जैसी सशक्तिकरण की अपेक्षा की गई थी वैसी न बन सकी भारत में 1 अप्रेल 1951 में आर्थिक नियोजन की प्रक्रिया को अपनाया। ग्रामीण विकास के लक्ष्य प्राप्ति के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा नियोजित ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन का दायित्व विभागो को दिया गया।[5]

प्रशासन एवं सुशासन की अवधारणा – प्रशासन का अर्थ 'सेवा करना' या 'प्रबंधित करना' है। प्रशासन का कार्य निर्धारित उद्देश्य की प्राप्ति करना है, विकास योजनाओं के सफल कार्यान्वयन में प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है क्योकि प्रशासक अनुभवी योग्य व प्रशिक्षित होता है जिसे शासन संचालन की वास्तविक स्थिति का ज्ञान होता है। भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली में दो प्रकार की कार्यपालिका होती है। पहली राजनैतिक कार्यपालिका जिसे जनता का बहुमत प्राप्त होता है, दूसरी प्रशासनिक कार्यपालिका जो वास्तविक कार्यपालिका होती है। प्रशासनिक कार्यपालिका द्वारा नीति निर्माण में राजनैतिक कार्यपालिका को सलाह देते है जिससे विकास के लिए

नई नीतियो का निर्माण किया जाता है और इन नीतियो का कार्यान्वयन प्रशासन के द्वारा किया जाता है। विकास नीतियो की सफलता एवं असफलता प्रशासन पर निर्भर होती है कि वह समाज में नीतियो का कार्यान्वयन कैसे कर रहा है।

आधुनिक समय में सुशासन की अवधारणा अनेक चरणो से होकर गुजरती है। स्वतंत्रता के पहले महात्मा गाँधीजी का सुशासन लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण था जिसमे सत्ता व अधिकार का विभाजन गाँव की ग्राम सभा जो निचले स्तर की इकाई है वहां तक सत्ता को विकेन्द्रित करना था, जिसमे गांव के लोगो की सहभागिता बढ़ाना था और लोगो को निर्णय लेने का अधिकार देना था।[6]

सुशासन से अभिप्राय अच्छी शासन व्यवस्था है जो जनकल्याण के लिए कार्य करती है, जिसमे सभी का कल्याण हो, न कि किसी वर्ग विशेष का, स्वयंहित की अपेक्षा जनहित सर्वोपरि होता है, सुशासन व्यवस्था में इसमें प्रशासक ईमानदार व सच्चचरित्रवान होते है। कार्यो में पारदर्शिता व जनता के प्रति जबावदेही होती। कार्यो को पूरा करने का उत्तरदायित्व होता है, महिला–पुरुष की समान सहभागिता, लोगो को प्रतिनिधित्व देने के लिए केवल लोकतंत्र ही आवश्यक नही है, बल्कि समाज में जो वर्ग असुरक्षित है निर्णय–निर्माण में उनकी सहभागिता को बढ़ावा देना, निष्पक्ष कानून व्यवस्था की स्थापना करना ताकि अल्पसंख्यक वर्ग (असहाय) को न्याय मिल सके। सुशासन की अवधारणा को व्यवस्थित रुप विश्व बैंक, द्वारा 1989 में की गई। वर्तमान में सभी देशो ने इसे अपनाया है, जिसमे सरकार दावा करती है कि शासन को अच्छा व सुचारु बनाया जाए लेकिन क्या वर्तमान समय में हमारी शासन व्यवस्था जबावदेही व उत्तरदायी है। गाँधीजी के ग्राम स्वराज में जो रामराज्य की कल्पना गाँवो के विकास के लिए की थी उन्होने उसमें कही न कही वर्तमान समय में शासन व्यवस्था उसके अनुकूल नही बन पा रही है। गाँधीजी का प्रमुख उद्देश्य लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण करना था जिसमे महिला–पुरुषो की समानता तथा राजनैतिक व्यवस्था में ग्रामीण लोगो की सहभागिता सुनिश्चित करना था ताकि नीति–निर्माण में गांव के लोगो की राय भी ली जाये। ग्राम स्वराज के माध्यम से ग्रामीण लोगो को उनके अधिकार व कर्तव्यो का ज्ञान कराना था, ताकि लोकतंत्र में उनकी भागीदारी हो, एवं शासन व्यवस्था को सरल बनाना था। गाँधीजी ने रामराज्य शब्द का इस्तेमाल किया था, जो वर्तमान मे सुशासन के नाम से जाना जाता है इसके माध्यम से गाँव के विकास के लिए जो केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाएं बनायी जाती है। उनके क्रियान्वयन मे पारदर्शिता लाना था ताकि जनता कों जानकारी रहे की सरकार उनके विकास के लिए क्या व्यय कर रही है।

समस्याएं – लेकिन वर्तमान परिपेक्ष्य में देखा जाए तो ग्रामीण क्षेत्रो में विकास तो हो रहा है लेकिन जिन लोगो को सरकार की योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए, उस निर्धन वर्ग को अनदेखा किया जा रहा है। इसका प्रमुख कारण ग्रामीण लोगो में जागरुकता की कमी, शिक्षा का अभाव, शासन में पारदर्शिता का अभाव ग्राम सभाओ में अभिजात्य वर्ग का वर्चस्व है। अगर किसी गाँव में निर्धन परिवार के दो या चार लोग शिक्षित हो जाते है और वह ग्रामसभा से अपने अधिकारो की मांग करते है तो उन दो–चार शिक्षित युवाओ को राजनैतिक वर्ग या अभिजात्य वर्ग द्वारा डरा धमकाकर उनकी आवाज को दबाया जाता है जिससे कि ग्राम सभाओं के कार्यो में ग्रामीण क्षेत्रो में जागरूकता नही आ पा रही है और जिन लोगो को योजनाओ का वास्तविक रुप से लाभ मिलना चाहिए उनको लाभ नही मिल पा रहा है। अतः गाँधीजी ने जिस ग्राम स्वराज की कल्पना की थी वह वास्तविक रुप से अभी भी ग्रामीण क्षेत्र वास्तविकता बहुत दूर है।

सुझाव – गाँधीजी के ग्राम स्वराज एवं सुशासन के द्वारा वर्तमान समय में वास्तविक रुप से कार्यान्वयन के लिए प्रमुख सुझाव निम्नलिखित है।

ग्रामीण क्षेत्रो में वास्तविक रुप से लोकतांत्रिक प्रणाली की स्थापना की जाए। सुशासन के द्वारा नौकरशाही को अधिक कार्यशील बनाने के लिये उनकी कार्य के प्रति जबावदेही सुनिश्चित करना था जिससे की ग्रामीण लोगो को उन योजनाओं का लाभ मिल सके जिन्हे प्राप्त करन उनका अधिकार है। गाँव के लोगो में जागरुकता लायी जाए जिससे कि वह अपने अधिकारो के प्रति जागरुक हो।

ग्राम सभाओ के द्वारा काम तो किये जाते है, लेकिन वह काम जिन जरुरत मंद लोगो को मिलना चाहिए उनको नही मिल पाता है। जरूरतमंद लोगों की पहचानकर लाभ देना चाहिए।

ग्रामीण लोगो के लिए ग्राम सभा के कार्यो में सहभागिता बढ़ाने के लिए, प्रशासन के उच्च अधिकारियो द्वारा ग्राम सभा की बैठक के दौरान ही गांव के लोगो को

सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के लिए चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देना चाहिए। गांव में अभिजात्य वर्ग के शासन को समाप्त करने के लिए गांव के लोगो को प्रशिक्षण देना, ग्राम सभा के कार्यो का अकेक्षण हो एवं शासन के द्वारा जो पंचायते अच्छे नियामक रुप से कार्य नही करती है उनके खिलाफ सख्ती वर्तना व ऐसी पंचायतो के संरपंच व सचिव की निष्कासित करना चाहिए। कानून व्यवस्था का वास्तविक रुप से क्रियान्वयन होना चाहिए, प्रशासन के कार्यो में जबावदेयता हो, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो नौकरशाही की, ग्रामीण स्तर पर ग्राम सभा के कार्यो में पारदर्शिता लाने के लिए निवारण तंत्र की स्थापना करनी चाहिए। गाँव में जो निर्धन व पिछड़ा हुआ वर्ग है, योजनाओं के लाभ में उन्हे प्रमुखता दी जाए। महिला–पुरुष की समान सहभागिता हो, ग्राम सभा के कार्यो को ई. प्रशासन से जोड़ा जाए।

निष्कर्ष – स्वतंत्रता के पहले से ही गांव भारत की आधारशिला माने जाते है, उनके विकास के महत्व को गाँधीजी ने ग्रामस्वराज के माध्यम से गांव की महत्वा को बताया और कहा कि भारत में ग्रामीण अंचलो तक लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण होना चाहिए क्योंकि गाँव ही सम्पूर्ण भारत की नींव है जब तक गांव विकास की दिशा में प्रगति नही करेगा तब तक भारत विकास की और अग्रसर नही होगा यदि देश को गरीबी मुक्त, निर्धनता उन्मुख, बेरोजगारी रहित देश बनाना है तो इसका प्रारम्भ गांव से करना होगा। शासन के कार्यो में जनता की सहभागिता में वृद्धि करना होगा, लोकतांत्रिक विकेन्द्रीयकरण के द्वारा सत्ता को स्थानीय स्तर पर पहुंचाना ताकि ग्राम सभा उन अधिकारो का प्रयोग करके ग्रामीण जनता के कल्याण में ग्राम सभाऐ कार्य करे ताकि उनके गांव में निर्धन वर्ग की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति स्थानीय स्तर पर हो ग्राम सभा के द्वारा की जाए। गाँधीजी ने लोकतांत्रिक विकेन्द्रीयकरण के माध्यम से गांव में ग्राम सभा को स्वतंत्र रुप से कार्य करने की स्वतंत्रता देना था। ताकि गांव विकास की और अग्रसर हो सके। सरकार के द्वारा पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओ का क्रियान्वयन पंचायती राज के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर करना था। जिसमें प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उसके द्वारा नीतियो का कार्यान्वयन किया जाता है, लेकिन ग्रामीण जनता के जागरुकता के अभाव में तथा ग्रामसभाओ एवं प्रशासनिक अधिकारियो के द्वारा गांव के जो व्यक्ति योजनाओं का लाभ पाने का अधिकार होता है उसको नही मिल पाता है। इसकी प्रमुख समस्या ग्रामीण स्तर पर शिक्षा की कमी, जागरुकता का अभाव, ग्रामीण लोगो को अपने अधिकारो का ज्ञान न होना प्रमुख समस्याएँ है। सरकार द्वारा प्रशासन को अधिक जबावदेह व पारदर्शिता लाने के लिए सरकार की सुशासन की अवधारणा वर्तमान में प्रचलन है। जिसमे कानून का शासन होगा, उत्तरदायित्व, पारदर्शिता, प्रशासनिक अधिकारियो की कार्य के प्रति जबावदेहिता, जनसहभागिता आदि, यदि इन तथ्यो का वास्तविक रुप से क्रियान्वयन होने लगे तो गाँधीजी का ग्रामस्वराज एवं राजराज्य की कल्पना को पूर्ण किया जा सकता है।

अभिशासन लोकतांत्रिक राष्ट्र में कार्यकुशल तथा प्रभावशाली, सहभागिता उन्मुख जिसमें जनता की राय ली जाती हो, कमजोर वर्ग की आवाज को सुना जाये, समाज मे वर्तमान तथा भविष्य में आने वाली समस्याओं का सामना करने के लिए उत्तरदायी शासन व्यवस्था स्थापित करनी होगी।

संदर्भ –

1. विष्णु प्रभाकर, (2000), गाँधीजी : समय, समाज और संस्कृति, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, पृष्ठ 50
2. आर. के. पी. रमण एवं नवल किशोर प्रसाद, (2013), भारत का आर्थिक विकास और गाँधीवादी दर्शन, प्रकाशदीप बिल्डिग नई दिल्ली, पृष्ठ नं. 80
3. डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव एवं डॉ. आनंद तिवारी, (2009), पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, प्राज्जल प्रकाशन सागर, पृष्ठ 1 से उद्धत 30
4. कुरुक्षेत्र (पंचायती राज) अगस्त : 2006
5. कुरुक्षेत्र पत्रिका, (जनवरी 2014), पंचायती राज, ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली
6. भट्टाचार्य मोहित, (2004), लोकप्रशासन के नये आयाम, जवाहर पब्लिकेशन नई दिल्ली , पृष्ठ 349 से उद्ध 354

संविधान में उल्लेखित महिला संरक्षण कानून के प्रति प्राथमिक स्तर तक शिक्षित महिलाओं की जागरूकता का अध्ययन

डॉ. सुनीता मुर्डिया
सहायक आचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड–टू–बी विश्वविद्यालय), डबोक, उदयपुर (राज.)

प्रस्तावना :– किसी भी समाज एवं राष्ट्र की उन्नति एवं प्रगति में महिलाओं की भी उतनी ही भागीदारी होती है जितनी पुरूषों की। प्राचीन काल में नारी का स्थान समाज में बहुत महत्वपूर्ण था। मनु के अनुसार ''जहॉ स्त्रियों की दुर्दशा होती है वहॉ सम्पूर्ण परिवार विनाश को प्राप्त होता है। किन्तु जहॉ वे सुखी है वहॉ परिवार सदैव समृद्धि को प्राप्त करता है।

इतिहास के पन्नों में यदि स्त्रियों की स्थिति देखी जाए तो वैदिक काल स्त्रियों के लिए स्वर्णिम काल था। स्त्रियों को सामाजिक तथा धार्मिक क्षेत्रों में अनेक अधिकार प्राप्त थे, लेकिन आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में उनके अधिकार सीमित थे। उस काल में भी गार्गी एवं मैत्रीय जैसी विदुषी महिलाऍं ऋषि–मुनियों के साथ बौद्धिक चर्चाऍं करती थी। महिलाओं की स्थिति को समाज में सुदृढ़ बनाने हेतु कई समाज सुधारकों जैसे राजा राम मोहन राय, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, महर्षि कर्वे, स्वामी दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गॉधी आदि ने महत्वपूर्ण कार्य किया।

महिलाओं की स्थिति में सुधार करने हेतु कई महिला संगठनों का भी उदय हुआ जिनमें भारत महिला परिषद (1904), भारत स्त्री महामण्डल(1910), आल इण्डिया वूमेन्स कान्फ्रेन्स(1927) आदि प्रमुख है। इन सब संगठनों ने स्त्रियों की शिक्षा, पर्दा प्रथा, बाल विवाह जैसी बुराइयों का उन्मूलन, हिन्दू अधिनियमों में सुधार, स्त्रियों की प्रगति, अधिकारों एवं अवसरों की समानता और स्त्रियों के मताधिकार जैसे मामलों को उठाया।

इन सब प्रयासों का यह लाभ हुआ कि देश के स्वतंत्र होने पर संविधान निर्माताओं ने पुरूषों के समान ही महिलाओं को भी स्थान प्रदानकिया। केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा की नारी स्थिति को सुधारने की दृष्टि से कई नियम उपनियम बनाए गए। उनके कल्याण के लिए कई विभाग खोले गए। संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों के अतिरिक्त राज्य सरकारों को भी यह अधिकार दिए गए है कि वे समय–समय पर ऐसे विधान लागू करे जो स्त्रियों के हितों की रक्षा करते हैं। इतने अधिकारों एवं अधिनियमों के बावजूद भी इस दिशा में अभी भी बहुत प्रयास अपेक्षित है। यदि हम महिलाओं की वर्तमान वस्तुस्थिति पर दृष्टिपात करें तो हम देखते हैं कि वास्तविकता में आज भी मात्र कुछ महिलाऍं ही अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है एवं इनसे लाभान्वित हो रही हैं लेकिन अधिकांश महिलाऍं उनके कल्याण के लिए बनाए गए अधिनियमों से ना परिचित हैं और ना ही उनके प्रति जागरूक है।

शोध के उद्देश्य :– प्रस्तुत शोध निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया गया–

1. प्राथमिक स्तर तक शिक्षित महिलाओं की महिला संरक्षण कानून के प्रति जागरूकता का पता लगाना।
2. प्राथमिक स्तर तक शिक्षित ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं की महिला संरक्षण कानून के प्रति जागरूकता की तुलना करना।
3. जागरूकता संवर्द्धन हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध परिकल्पना :– प्राथमिक स्तर तक शिक्षित ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं की महिला संरक्षण कानून के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

शोध विधि :– प्रस्तुत शोध का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की प्राथमिक स्तर तक शिक्षित महिलाओं की महिला संरक्षण कानून के प्रति जागरूकता का पता लगाना है, अतः तुलनात्मक सर्वेक्षण विधि का उपयोग किया गया।

उपकरण :– प्रस्तुत शोध कार्य हेतु प्राथमिक स्तर तक शिक्षित ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं की महिला संरक्षण कानून के प्रति जागरूकता का पता लगाने हेतु एक संरचित साक्षात्कार अनुसूची का निर्माण किया गया।

न्यादर्श :– प्रस्तुत शोध कार्य हेतु उदयपुर शहर एवं उसके आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 50 महिलाओं का सौद्देश्य विधि से चयन किया गया। 50 महिलाओं में से 25 महिलाएँ शहरी क्षेत्र की एवं 25 महिलाएँ ग्रामीण क्षेत्र की सम्मिलित है। न्यादर्श के रूप में केवल उन्हीं महिलाओं का चयन किया गया जो प्राथमिक स्तर से अधिक पढ़ी–लिखी नहीं है।

सांख्यिकी प्रविधियॉ :– संकलित दत्तों की व्याख्या हेतु प्रतिशत, मध्यमान, मानक विचलन एवं टी–परीक्षण का उपयोग किया गया।

मुख्य निष्कर्ष :– महिला संरक्षण हेतु निर्मित कानून सम्बन्धी जागरूकता का पता लगाने हेतु संकलित किए गए दत्तों के विश्लेषण एवं व्याख्या से निम्नलिखित मुख्य निष्कर्ष प्राप्त हुए–

1. 50 में से 30 महिलाएँ यह जानती है कि महिलाओं के संरक्षण हेतु कई प्रकार के कानून है लेकिन वे कानून कौन से है और उनका उपयोग कैसे किया जाए इस सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं है।
2. सामाजिक एवं शैक्षिक अधिकारों के सम्बन्ध में महिलाएँ अधिक जागरूक पायी गयी लेकिन राजनैतिक एवं आर्थिक अधिकारों के सम्बन्ध में महिलाएँ जागरूक नहीं पायी गयी।
3. विभिन्न प्रकार के सामाजिक अधिकारों के सम्बन्ध में महिलाओं की जागरूकता इस प्रकार रही–

- 50 में से 35 महिलाएँ यह जानती है कि 18 वर्ष से कम आयु वाली लड़की का विवाह दण्डनीय अपराध है।
- विधवा पुनर्विववाह सम्बन्धी अधिकार के बारे में 50 में से मात्र 1 महिला जानती है।
- 50 में से मात्र 4 महिलाएँ यह जानती है कि महिलाएँ अपने पति से भरण पोषण प्राप्त कर सकती हैं।
- 50 में से 8 महिलाएँ इस कानून से भी परिचित है कि यदि कोई व्यक्ति दहेज लेता है या लेने में मदद करता है तो वह दण्डनीय अपराध है।
- दाम्पत्य जीवन प्रत्यास्थापन्न एवं न्यायिक पृथकता में महिलाओं को भी पुरूषों के समान अधिकार प्राप्त है इस कानून से 50 में से एक भी महिला परिचित नहीं है।
- यदि कोई व्यक्ति किसी विधवा के सती होने के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करता है तो वह दण्ड का भागीदार होता है, इस अधिनियम से केवल 2 महिलाएँ ही परिचित हैं।
- 50 में से 30 महिलाएँ यह मानती है कि किसी औरत को डायन बताकर उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करना दण्डनीय अपराध है, लेकिन उनका यह भी मानना है कि फिर भी ऐसी घटनाएँ कई बार देखने को मिलती है।
- पिता की तरह मॉ को भी एक नाबालिग बच्वें का स्वाभाविक अभिभावक होने का अधिकार प्राप्त है इस अधिकार के सम्बन्ध में किसी भी महिला को जानकारी नहीं है।
- विधवा पुत्री माता–पिता से गुजारा भत्ता प्राप्त करने का अधिकार रखती है, यह जानकारी 50 मेंसे 1 महिला को है।
- महिलाएँ इस अधिकार से भी अनभिज्ञ है कि 5 वर्ष से कम आयु के बालक की संरक्षता का अधिकार पिता की तुलना में माता को प्राप्त है।

4. विभिन्न राजनैतिक अधिकारों के सम्बन्ध में महिलाओं की जागरूकता इस प्रकार पायी गयी–

- महिलाएँ यह जानती है कि उन्हें पुरूषों के समान वयस्क मताधिकार के आधार पर मतदान का अधिकर प्राप्त है। वे यह भी जानती है कि उन्हे पुरूषों के समान चुनाव में खड़े होने का अधिकार प्राप्त है लेकिन वे इस हकीकत से भी रूबरू है कि चुनाव में महिला के जीतने पर भी सारा काम उस महिला के पति के कहे अनुसार होता है।
- नौकरियों में महिलाओं के आरक्षण सम्बन्धी प्रावधान से सभी महिलाएँ अनभिज्ञ है।

5. विभिन्न आर्थिक अधिकारों के सम्बन्ध में महिलाओं की जागरूकता इस प्रकार रही–

- विरासत, वसीयत, विभाजन, भरण–पोषण, दहेज तथा महिला के परिश्रम तथा कुशलता से अर्जित सम्पत्ति पर उसकेपति का अधिकार भी नहीं होता है तथा वह स्त्री धन कहलाता है इस अधिनियम से 50 में से मात्र 1 महिला परिचित है।
- स्त्री और पुरूषों के पारिश्रमिक में कोई अन्तर नहीं होता है यह जानकारी 50 में से 10 महिलाओं को है उन्हें भारत सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने हेतु चलायी जा रही योजनाओं की कोई जानकारी नहीं है।

- सभी महिलाएँ इस बात से अनभिज्ञ पायी गयी कि रात्रि के समय जहॉ पूर्व में महिलाओं की डॅयूटी पर प्रतिबंध था उसे अब हटा दिया गया है।

6. विभिन्न प्रकार के शैक्षिक अधिकारों के सम्बन्ध में महिलाओं की जागरूकता निम्नानुसार पायी गयी–

- 50 में से 40 महिलाएँ यह जानती है कि 14 वर्ष तक के बालक–बालिकाओं के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है।
- स्त्रियों के कल्याण के लिए चलाये जा रहे अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों की जानकारी किसी भी महिला को नहीं है।
- बालिकाओं के लिए आरक्षित सीटों के सम्बन्ध में भी 50 में से मात्र 2 महिलाओं को जानकारी है।
- महिलाएँ, महिला अध्ययन केन्द्र तथा प्रकोष्ठ स्थापित करने के उद्देश्यों से अनभिज्ञ थी तथा महाविद्यालयों को इनकी स्थापना के लिए आर्थिक सहायता मिलती है इसकी जानकारी भी नहीं पायी गयी।
- शिक्षा के सन्दर्भ में ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों के लिए निर्मित प्रावधानों से भी सभी महिलाएँ अपरिचित पायी गयी।
- शिक्षित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की महिला संरक्षण अधिनियम के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया अर्थात् शहरी एवं ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र की महिलाएँ, इन अधिनियमों के प्रति समान रूप से जागरूक है।

जागरूकता संवर्द्धन हेतु सुझाव :– शोध से प्राप्त निष्कर्षों से यह स्पष्ट होता है कि केन्द्र एवं राज्य सरकारे महिलाओं को समानता का दर्जा दिलवाने के लिए भरसक प्रयत्न कर रही है एवं इस सम्बन्ध में कई कानून एवं अधिनियम बनाए गए है, लेकिन यदि इन कानूनों एवं अधिनियमों से लाभान्वित होने वाली महिलाओं को ही इनके सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी नहीं होगी तो ना तो वे स्वयं इनसे लाभ उठा सकती हैं और ना ही अन्य महिलाओं का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। अतः इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु यह है कि इन कानूनों की जानकारी अधिकाधिक महिलाओं को हो, इसके लिए निम्न बिन्दुओं पर ध्यान देना आवश्यक है–

- शिक्षा, जागरूकता संवर्द्धन में बहुत महत्वपूर्ण है, अतः सर्वप्रथम सभी महिलाओं को शिक्षित करने हेतु ठोस प्रयास किए जाए।
- कानून प्रकिया सरल एवं सर्वसुलभ बनायी जाए।
- महिला उत्थान केन्द्रों एवं अन्य स्वयं सेवी संगठनों की स्थापना की जाए।
- महिलाओं परहोने वाले अत्याचारों तथा उत्पीड़न के विरोध में त्वरित कार्यवाही की जाए।
- महिला जागृति कार्यक्रमों की सहायता से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाया जाए।
- महिलाओं के छोटे–छोटे समूह बनाकर, उन्हें उनके लिए बनाए गए कानूनों से अवगत कराया जाए।
- महिला संरक्षण कानून एवं उनके उपयोग की प्रकिया बनाने हेतु सेमिनार/कार्यशाला आदि का आयोजन किया जाए।
- महिला संरक्षण कानून से सम्बन्धित विभिन्न फिल्मों का निर्माण कर महिलाओं को दिखायी जाए।
- महिलाओं की कानून सम्बन्धी जिज्ञासा को शान्त करने हेतु प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।
- महिलाओं को व्यावसायिक एवं कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाने में सहयोग प्रदान किया जाए।
- सामाजिक बन्धनों एवं रीति–रिवाजों में संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर महिलाओं के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण रखा जाए।
- जन–संचार माध्यमों की सहायता से महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं शैक्षिक अधिकारों से अवगत कराया जाए।
- महिलाओं में स्वयं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं आत्मविश्वास की भावना उत्पन्न करने का प्रयास किया जाए।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि यदि महिलाओं को प्रारम्भ से ही उचित वातावरण प्रदान कर उन्हें सशक्त करने का प्रयास किया जाए तो वह दिन दूर नहीं जब महिलाएँ नयी बुलन्दियॉं, नया मुकाम हासिल करने में सफल होंगी क्योंकि कहा जाता है कि ''एक पत्थर की भी तस्वीर संवर जाती है शर्त यह है कि करीने से तराशा जाए'' तो फिर महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक क्यों नहीं बनाया जा सकता। महिलाओं की प्रतिभा एवं योग्यताओं को किसी भी दृष्टि से कम नहीं ऑका जा सकता है बस आवश्यकता है उन्हें साथ लेकर चलने की, अवसरों की समानता उपलब्ध करवाने की।

सन्दर्भ ग्रन्थ :–

1. समाज कल्याण, 2008, मार्च
2. समाज कल्याण, 2003, फरवरी
3. शर्मा, कृष्ण कुमार (2012), महिला कानून एवं मानवाधिकार, हिन्दी बुक सेण्टर
4. वशिष्ट, सरिता (2010), महिला और कानून, कल्पना प्रकाशन
5. Best, J.W. (1983), Research in education, Prentice hall of India, New Delhi.
6. Borg W.R. and Gall M. (1973) Educational Research : an introduction, Longmans, New York.

Webiliography

1. www.wikigender.org>index.php>India

2. HG.Org>women

रामदरश मिश्र और आंचलिक उपन्यास परम्परा

आलोक कुमार
शोधार्थी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

हिन्दी उपन्यास साहित्य की परम्परा में आंचलिक उपन्यासों की पृथक धारा स्वातंत्र्योत्तर युग की देन है। यह तो विदित ही है कि साहित्य की अन्य विधाओं की तुलना में उपन्यास का कलेवर अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत है, जिसमें जीवन के सर्वांगीण पहलुओं को उद्घाटित, व्याख्यायित करने की स्वाभाविक क्षमता है। हिन्दी उपन्यास साहित्य में विकासक्रम का आरम्भिक चरण तिलिस्म, ऐयारी और कल्पनालोक से गुजरता हुआ आजादी और उसके बाद के कुछ वर्षों में यथार्थवाद तक पहुँचा, जिसकी उत्कृष्ट अभिव्यक्ति प्रेमचंद्र, प्रसाद, नागार्जुन आदि के उपन्यासों में देखने को मिलती है।

प्रेमचन्द और उनके अतिरिक्त स्वतंत्रतापूर्व के प्रेमचन्दोत्तर लेखकों में नागार्जुन, रांगेयराघव, उदयशंकर भट्ट, उपेन्द्रनाथ 'अश्क', देवेन्द्र सत्यार्थी, भैरवप्रसाद गुप्त आदि के उपन्यासों में लोक/ग्राम्य जीवन के परिवेश/संस्कृति/भाषा–बोली के साथ कतिपय समस्याओं/जीवन मूल्यों/पीड़ा आदि की अभिव्यक्ति तो मिली किन्तु उसका रूप व्यावहारिक न होकर आदर्शोन्मुखी ही रहा। ग्राम्य जीवन और पृष्ठभूमि पर आधारित सर्वाधिक लेखन प्रेमचन्दजी ने ही किया है। किन्तु यदि आंचलिक उपन्यासों के निर्णायक तत्वों के आधार पर मूल्यांकन करें तो प्रेमचंद तथा उपरोक्त वर्णित लेखकों की कृतियों में आंचलिकता के एकाधिक तत्व आये है तथापि वे 'आंचलिक उपन्यास' नहीं कहे जा सकते, उनमें आंचलिकता परिवेश या पृष्ठभूमि के रूप में ही दिखाई देती है। मूल रूप में उनकी प्रयोजनीयता यथार्थवादी या सामाजिक ही है। सही मायनों में लोक जीवन के बहुआयामी, बहुरंगी और क्लिष्ट स्वरूप को व्यापक एवं प्रभावी अभिव्यक्ति मिली, सन् 1954 ई0 में फणीश्वरनाथ 'रेणु' कृत ''मैला आँचल' के प्रकाशन के साथ। वास्तव में हिन्दी उपन्यास साहित्य में रेणु का आगमन, एक नवीन युग की शुरुआत मानी जा सकती है। उनके साथ ही ''आंचलिक उपन्यासों'' की एक विशिष्ट धारा हिन्दी कथा–साहित्य में आयी, जो स्वरूप, संरचना और सरोकार में पारम्परिक लेखन से भिन्न थी। आंचलिक उपन्यासों ने अलग–अलग अंचल विशेष के उपेक्षित, त्रासद एवं संघर्षपूर्ण जीवन को गहन अनुभूति, संवेदनशीलता, सूक्ष्मदृष्टि तथा स्वानुभावों के साथ, यथार्थ परिवेश में जानने–समझने का यत्न किया है। 'रेणु' से जिस प्रभावी परम्परा का सूत्रपात हुआ था उसे समकालीन या परवर्ती उपन्यासकारों राजेन्द्र अवस्थी, शैलेश मटियानी, शिवप्रसाद सिंह, विवेकीराय, राही मासूम रजा आदि ने और संवर्धित तथा समृद्ध किया। इसी परम्परा में एक और नाम उभरकर आता है और वे है ''रामदरश मिश्र''।

डॉ0 रामदरश मिश्र हिन्दी के प्रतिष्ठित साहित्यकारों की कतार में अपनी पैठ रही है। रामदरश मिश्र जितने समर्थ कवि रहे हैं उतने ही समर्थ उपन्यासकार और कहानीकार भी। गोरखपुर जिले के कछार अंचल के गाँव डुमरी में जन्में डॉ0 रामदरश मिश्र हिन्दी साहित्य संसार के बहुआयामी रचनाकार रहे हैं। कविता, कहानी, उपन्यास, आलोचना और निबंध जैसी प्रमुख विधाओं में तो लिखा ही, साथ ही आत्मकथा, यात्रा, संस्मरण में भी उतना ही योगदान रहा है। मिश्र जी अपनी लंबी रचना–यात्रा में किसी वाद, किसी आन्दोलन के झण्डे के नीचे नही आये किन्तु अपने समय और समाज की वास्तविकताओं तथा चेतना से लगातार जुड़े रहे। समय–यात्रा में बदलता हुआ यथार्थ उनके अनुभव और दृष्टि में समाकर उनकी रचनाओं में उतरता रहा। परिवर्तनशील समय का सत्य उनकी सर्जना को सतत् कथ्य की नयी आभा और शिल्प की सहज नवीनता प्रदान करता रहा है। किन्तु उनकी बुनियाद उनका गाँव रहा है। गाँव को भी वे लगातार उसके परिवर्तनशील रूप में पकड़ने की कोशिश करते रहे हैं। समग्रतः उनके सारे सर्जनात्मक लेखन में अपने कछार अंचल की धरती की पकड़ है। मूल्य दृष्टि की जड़े उनके गाँव में ही है जिसे उन्होंने अपने जीवन के प्रारंभिक काल में भरपूर जिया था।

अनेक शोध और मिश्र जी के कृतित्व पर विचार कर पाया गया कि इनके उपन्यासों में आने वाले गाँव सामान्य न होकर विशिष्ट भू–भाग है, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश के भू–भाग से संबंधित है। ये प्रदेश भौगोलिक स्थिति के कारण गोर्रा और राप्ती जैसी विनाशकारी नदियों से घिरे हुए हैं। जिससे प्रत्येक वर्ष इन नदियों में आने वाली बाढ़ पूरा खेत–का–खेत बहाकर ले जाती है। आँचलिक उपन्यासों को लिखने की अपनी विवशता बताते हुए स्वयं लेखक कहते है–''मेरे भीतर जो अपना बड़ा परिवेश

समाया हुआ था, वह केवल कविता के माध्यम से रूप पाने में असमर्थ हो रहा था। मैनें शुरू में कुछ सामाजिक अभावमूलक कविताएँ लिखी जो परिवेशगत यथार्थ के दबाव की सूचक है लेकिन लगता है कि यह परिवेशगत दबाव मुझे कहानी और फिर उपन्यास की ओर धकेल ले गयी।''[1]

